# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर)
**रविन्द्र कुमार,** बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।
मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102
E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-2012

सेवा में,

प्राचार्य,
ओएसिस रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल,
महनार रोड पानापुर धरमपुर हाजीपुर,
प्रखंड बिदुपुर, जिला वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक-02/09/26

विषयः- स्पष्टीकरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि सहयोग पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या REF765598 दिनांक 24.08.2026 के माध्यम से श्री नितेश कुमार के पुत्र अनुज गुप्ता द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है।

प्राप्त शिकायत के अनुसार ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से आरटीई सत्र 2026-27 के तहत अनुज गुप्ता का आवंटन आपके विद्यालय ओएसिस रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल बिदुपुर में हुआ है, परंतु आपके विद्यालय प्रबंधन द्वारा उक्त छात्र का नामांकन लेने से इनकार किया जा रहा है।

विदित हो कि आरटीई के तहत आवंटित छात्र का नामांकन नहीं लेना शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं विभागीय आदेशों का स्पष्ट उल्लंघन है। यह आपके विद्यालय प्रबंधन की स्वेच्छाचारिता एवं मनमानी को प्रदर्शित करता है।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित करें कि क्यों नहीं उक्त कृत्य के लिए आपके विद्यालय की प्रस्वीकृति रद्द करने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाए। ससमय स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एकतरफा कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

विश्वासभाजन

2.9.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।